www.avadhkaawaz.com

# अवध की आवाज

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र राजधानी लखनऊ उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

वर्ष–10 अंक–123 R.N.I.- UPHIN/2012/45127 लखनऊ बुधवार 4 अगस्त 2021 पृष्ठ – 8 मूल्य–3 रूपया

## यूपी में एक बार फिर शुरू होंगे मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले

लखनऊ (वेबवार्ता)। कमजोर आय वर्ग के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के लिए मुख्यमंत्री



आरोग्य मेले की एक बार फिर शुरूआत होने जा रही है। विभागीय अधिकारियों को इस संबंध में कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी ने इस बावत अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आरोग्य मेले ने कम समय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इससे सभी पात्र लोगों को लाभ मिला। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2020 में योगी सरकार ने यह सुनिश्चित किया था कि प्रदेश में प्रत्येक रविवार को सभी प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य योजना के तहत आरोग्य मेलों का आयोजन हो। उस समय मात्र छह–सात आरोग्य मेले ही सम्पन्न हो पाये थे, जिसके माध्यम से 30 लाख से अधिक लोगों ने बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त कीं। उसी दौरान वैश्विक महामारी कोरोना ने दस्तक दे दी। ऐसे में सरकार को यह कार्यक्रम स्थगित करना पड़ा। अब जब मुख्यमंत्री के ट्रेस, टेस्ट, ट्रीट की प्रभावी नीति के नाते प्रदेश में कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर लगभग नियंत्रण में है, सरकार लोगों को सस्ते और बेहतर इलाज की सुविधा देने के लिए फिर से मुख्यमंत्री आरोग्य मेले शुरू करने जा रही है। विभागीय अधिकारियों को इस बावत कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए जा चुके हैं। उम्मीद है कि कोरोना प्रोटोकॉल के पालन के साथ व्यापक जनहित में एक बार फिर यह आयोजन शीघ्र ही शुरू होगा। कोरोना को न्यूनतम स्तर पर लाने के बाद अन्य तमाम रोगों के नियंत्रण में यह आयोजन मददगार बनेगा। स्वास्थ्य विभाग इस विशेष अभियान की नोडल एजेंसी होगी। बाकी विभाग पहले की तरह ही इसमें सहयोग करेंगे। यह आयोजन न केवल लोगों के आरोग्य लाभ का जरिया बनेगा बल्कि उनको विभिन्न विषाणु जनित बीमारियों, खुले में शौच, गंदगी और प्रदूषित पानी से होने वाले रोगों के प्रति जागरूक करने का मंच भी बनेगा। मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में स्वास्थ्य के साथ–साथ परिवार कल्याण, पोषण और स्वास्थ्य जागरूकता, आयुष्मान कार्ड, मिशन इंद्रधनुष, खुशहाल परिवार दिवस और मातृत्व वंदना दिवस जैसे कार्यक्रमों के बारे में भी सविस्तार जानकारी दी जाएगी। आम आदमी को भी पास में ही सस्ता और आधुनिक इलाज मिले, यह योगी आदित्यनाथ की बतौर सांसद भी प्रथमिकता रही है। गोरखपुर स्थित बाबा राघव दास (बीआरडी) मेडिकल कॉलेज की बेहतरी, पूर्वांचल के मासूमों के लिए करीब चार दशकों से काल बनी इंसेफेलाइटिस के टीककरण, इलाज एवं इसकी जांच के लिए इंडियन वायरोलॉजिकल सेंटर पुणे से संबद्ध रीजनल सेंटर की स्थापना तथा गोरखपुर में एम्स के लिए सड़क से संसद तक संघर्ष, उनकी स्वास्थ्य के क्षेत्र में रुचि का प्रमाण है। इतना ही नहीं, अपने स्तर से उन्होंने गुरु श्रीगोरक्षनाथ अस्पताल की स्थापना कराकर पूर्वांचल की जनता को आधुनिक और सस्ती इलाज की सुविधा मुहैया कराई। इस अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों की सुविधा दूरदराज के गांवों में भी मिले, इसके लिए ब्लॉक स्तर पर जांच, इलाज और दवा वितरण के लिए निःशुल्क कैंप आयोजित किए गए। मुख्यमंत्री बनने के बाद भी यह सिलसिला जारी है।

## भूमाफियाओं के खिलाफ कार्य योजना बनाकर होगी कार्यवाही

अवध की आवाज

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी द्वारा आज प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं तथा शहर में भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले भू–माफियाओं के खिलाफ कार्य योजना बनाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। उपाध्यक्ष ने प्रवर्तन विभाग के प्रशासनिक अधिकारी तथा अभियन्ताओं को निर्देश देते हुए कहा कि भू–माफियाओं द्वारा कब्जा की गई भूमि की तीन कैटेगरी बनाई जाये। प्रथम कैटेगरी में प्राधिकरण की नियोजित भूमि जिसका ले–आउट भी स्वीकृत है, को रखा जाये। दूसरी कैटेगरी में प्राधिकरण द्वारा अधिकृत की गई भूमि, जिसका अभी ले–आउट स्वीकृत नहीं है, को रखा जाये। इसके आलावा तीसरी कैटेगरी में स्वीकृत ले–आउट में फ्यूचर प्लान के लिए रखी गई भूमि, को रखा जाये। इसमें नजूल एवं अर्बन सीलिंग की भूमि को भी शामिल किया जाय। उपाध्यक्ष ने इन सभी कैटेगरी में आने वाले अवैध कब्जों की सूची व इन्हें हटाने की कार्य योजना 13 अगस्त, 2021 तक बनाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण प्रकरणों को 18 अगस्त, 2021 की निर्धारित बैठक में प्रस्तुत किया जाये। प्राधिकरण के सचिव पवन कुमार गंगवार ने कहा कि अवैध कब्जों के ऐसे मामलें जिनमें कोई कोर्ट केस न चल रहा हो, उन्हें चिन्हित करके तत्काल प्रभाव से कब्जे हटाये जायें। वहीं जिन मामलों में कोर्ट केस चल रहा है वहां प्रभावी पैरवी की जाये। इस सम्बन्ध में उन्होंने प्रत्येक 15 दिनों पश्चात् बैठक रखने तथा मुख्यमंत्री पोर्टल पर अवैध कब्जों से सम्बन्धित प्राप्त आई.जी.आर.एस. प्रकरणों की मॉनिटिरिंग करने के लिए अमित राठौर–विशेष कार्याधिकारी को नामित किया। उपाध्यक्ष द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इस कार्य में किसी तरह की लापरवाही न की जाये। किसी प्रकार की लापरवाही किये जाने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।






# जनसूचना अधिकारी ने फर्जी पत्रकारों के खिलाप कार्यवाही के दिए सख्त निर्देश

अवध की आवाज

माधौगढ़ (जालौन) फर्जी पत्रकारों की बड़ी संख्या में तादात बढ़ गयी आए दिन डॉक्टरों, मास्टरों, ठेकेदारों एवं राजनैतिक दलों से पत्रकारिता



के नाम पर धन उगाई करते हैं। इन लोगो के पास न ही कोई प्रेसआईकार्ड और न ही किसी संस्थान से जुड़े हुए है। इससे सबसे ज्यादा हानि पत्रकारों को हो रही है। जब पुलिस गाड़ियों की चेकिंग अभियान चलाती तो ऐसे मे ये फर्जी पत्रकार पुलिस के ऊपर अपना रौब झाड़ते हुए कहते है कि हम मीडिया से है और अपने आपको पत्रकार बताकर भाग जाते वही अपने आपको पत्रकार कहने वालों की तादात बहुत ज्यादा हो गई हैं। ऐसे फर्जी पत्रकारों की गाड़ियां थाने में सड़ गल रही हैं। अब फर्जी पत्रकारों के खिलाफ जल्द अभियान चलाया जाए जिससे पत्रकारो का सम्मान बचा रहे ऐसे में वास्तविकता से जो पत्रकार बन्धु हैं। उनकी छबि धूमिल हो रही हैं पत्रकार देश का चौथा स्तंभ हैं। जो अब फर्जी लोगो ने इसे कमाई का जरिया बना रखा



है अब आए दिन शिकायतें मिल रही हैं कि ठेकेदारों से धन उगाई की जा रही हैं। तो कही मास्टरों से बसूली की जा रही हैं। इससे न सिर्फ पुलिस को बल्कि सबसे ज्यादा पत्रकारों की छबि खराब हो रही हैं। अब जल्द ही इस विषय को बड़ी गम्भीरता से लिया जाएगा समस्त समाचार पत्रों को अवगत कराया जाएगा जिससे सभी पत्रकारों की सूची विभाग में भेजी जाएगी। जिससे फर्जी लोगो को जल्द से जल्द पकड़ा जाएगा माधौगढ़ पत्रकार सुरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि तहसील व ब्लॉक में फर्जी पत्रकारों की भरमार देखने को मिल रही है। जिसमे पत्रकार कहकर लोग चौथे स्तंभ को झुकाना चाहते है। वही अरविन्द कुमार ने बताया कि कोई भी पुलिस अथवा किसी भी व्यक्ति से पत्रकार होने की बात करे तो पहले उसको



परख ले कि यह वास्तविक से पत्रकार हैं या पत्रकारिता को बदनाम कर रहा हैं। वेद प्रकाश ने कहा कि वह हैं । जो हर सुख दुःख में हर व्यक्ति का साथ देता है। अच्छा हो या बुरा वह हर पल खबर को कवरेज करने के लिए भी नही चूकता चाहे दिन हो या रात लेकिन फिर भी पत्रकारों पर फर्जी मुकदमे लिखे जाने लगे शुखदेव सिंह ने कहा कि पत्रकार के घर परिवार में क्या चल रहा हैं। लेकिन फिर भी अपने परिवार को छोड़कर दूसरो के हितों के लिए हरपल तैयार रहता है। अखिलेश सविता ने बताया कि कुछ फर्जी पत्रकारों के चलते पत्रकार









बदनाम हो रहे है। ऐसे में पुलिस भी फर्जी पत्रकारों के ऊपर कोई बड़ा कदम नहीं उठा रही उल्टा ही पुलिस पत्रकारों के ऊपर बिना किसी जांच के फर्जी मुकदमे दर्ज कर रही वही प्रिंट मीडिया के माधौगढ़ में पत्रकार वेद प्रकाश याज्ञिक दैनिक वॉइस ऑफ मूमेंट, डॉक्टर एलबी सिंह भारतीय सहारा जिला संवाददाता, अमित पवार अमर उजाला रामपुरा, अवधेश विश्वकर्मा दैनिक जागरण झांसी, सुखदेव सिंह अमर उजाला माधवगढ़ तहसील संवाददाता, विजय द्विवेदी पचनदा न्यूज, मानसिंह दैनिक हिंदुस्तान तहसील संवाददाता माधवगढ़, सुरेन्द्र श्रीवास्तव दैनिक जागरण कानपुर, अजीत उपाध्याय दैनिक भास्कर, अंकित सविता दैनिक जागरण झांसी रामपुरा, कुलदीप भदोरिया वॉइस ऑफ मूमेंट उमरी, डॉ विनोद कुमार उद्योग हकीकत, दीपक उदैनिया दैनिक लोकभारती, मनोज शिवहरे कृष्णा न्यूज चौनल, रिजवान खान दैनिक पवन वेग ब्लॉक संवाददाता माधवगढ़, प्रिंस द्विवेदी दैनिक पायनियर, मनोज गौतम जनसंदेश टाइम्स, अनुरुद्ध कुशवाहा, अंजनी कुमार सोनी, अमन नारायणअवस्थी, आलोक, घनश्याम सैंगर, अनुज शर्मा, प्रदीप कुमार बाथम, निखिल कुमार तिवारी, पवन कुमार, कुलदीप गौतम, पवन सविता, संतोष कुमार यागिक पब्लिक स्पोर्ट सप्ताहिक मण्डल प्रभारी, वेद प्रकाश यागिक तहसील और मनोज कुमार ब्लॉक माधौगढ़ पब्लिक स्पोर्ट सप्ताहिक, दैनिक आज अखलेश सविता, आलोक श्रीवास्तव पिरौना दैनिक विश्ववार्ता, दैनिक जागरण झांसी और दैनिक विश्ववार्ता अरविन्द कुमार पिरौना, कैनविज टाइमन्स और शाश्वत टाइम्स मोनू शर्मा जिला ब्यूरो आदि।

# बारिश में ढह गया गरीब का आशियाना

## मलबे में दबकर 50 बर्षीय वृद्ध हुआ घायल

अवध की आवाज

कोंच(जालौन) बीते करीब एक सप्ताह से नगर क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश अब आफत बनने लगी है जिसके चलते रोजमर्रा की जिंदगी ठहर सी नजर आ रही है। रूक रुक कर कभी तेज कभी बूंदाबांदी होने से गरीब वर्ग के लोगों को सर्वाधिक परेशानी उठानी पड़ रही है और उनके कच्चे घरों को बारिश का पानी नुकसान पहुंचाने लगा है।रविवार्/सोमवार की रात करीब ढाई बजे नगर के मुहल्ला गोखलेनगर निवासी दुर्गाप्रसाद व राजकुमार का कच्चा घर बारिश के पानी व तेज हवा के चलते ढह गया जिसके चलते घर में सो रहे 50 बर्षीय दुर्गाप्रसाद मलवे में दबकर घायल हो गये जबकि अन्य परिजन समय रहते घर से बाहर निकल गये जिससे वह



बाल बाल बच गये।घायल दुर्गाप्रसाद का समुचित उपचार कराया गया।उधर, मलबे के नीचे दो साइकिल, मेज, गैस चूल्हा सहित गृहस्थी का अन्य सामान भी छतिग्रस्त हो गया।पीड़ित ने स्थानीय प्रशासन से दैवीय आपदा के तहत मदद प्रदान कराये जाने की गुहार लगायी है।

# कुदारी में चोरियों की घटित घटनाओं से डरे ग्रामीणों ने पुलिस रात्रि में पुलिस गश्ती की मांग की

## सीओ को ज्ञापन सौंपकर चोरियों का खुलासा करने की मांग की

अवध की आवाज

कोंच(जालौन) गत दिनों पूर्व कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम कुदारी में तीन अलग अलग घरों में व ग्राम भडारी में एक घर में अज्ञात चोरों द्वारा धावा बोलकर लाखों रुपये नगदी व सोने चांदी के आभूषण चोरी किये जाने की घटना का अब तक खुलासा ना होने और रात्रि के समय कुदारी व भडारी समेत आसपास के गांवों में पुलिस की गश्त ना होने से आक्रोशित दर्जनों ग्रामीणों ने सोमवार को सीओ



राहुल पांडेय को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही करने की मांग की है। ग्राम कुदारी, चमरौआ, खाबरी,भडारी, गेंदोली, बाबूपुरा,दबकाई, कुदरा गांव के गोपालदास, अरुण कुमार, रामकृष्ण सिंह, मोनू खाबरी, असित मिश्रा, पारस गुर्जर, शिवाजी गुर्जर, श्यामजी गुर्जर, सत्यम पटेल, रामजी पटेल, शिवपाल सिंह,संदीप कुमार, रामबिन्दु, राघव आदि ने सीओ को ज्ञापन सौंपकर कहा कि उपरोक्त गांवों में अज्ञात चोर रात के अंधेरे में लगातार विचरण कर रहे हैं और ग्रामीणों की सजगता से फिलहाल चोर चोरी नहीं कर पा रहे हैं लेकिन कभी भी चोरी की नयी घटना घटित हो सकती है।उक्त ग्रामीणों ने पूर्व में हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा करने व रात्रि के समय उपरोक्त ग्रामों में रात्रि के समय पुलिस गश्त की मांग की है।

# कोंच में ६ माह बाद रेलवे स्टेशन की आरक्षण खिड़की हुई चालू

## पहले दिन कुल 4 रेलयात्रियों ने कराया आरक्षण

अवध की आवाज

कोंच(जालौन)रूकोरोना के चलते बीते करीब 16 माह से भी ज्यादा समय से बंद पड़ी कोंच रेलवे स्टेशन की आरक्षण खिड़की अंततः सोमवार से चालू हो गयी है।पहले दिन निर्धारित समय सुबह 8 बजे से लेकर अपरान्ह 2 बजे तक कुल 4 रेलयात्रियों ने बनारस, अहमदाबाद व लखनऊ शहर के लिये अपना आरक्षण कराया।आरक्षण सुपरवाइजर के रूप में झाँसी से भेजे गये मो अमजद व एसटीवीएस प्रदीप कुमार खरे ने रेलयात्रियों का आरक्षण किये जाने की कार्यवाही पूर्ण की।वहीं लंबे समय से रेल आवागमन को लेकर परेशानी उठा रहे क्षेत्र वासियों ने आरक्षण खिड़की चालू होने पर प्रसन्नता व्यक्त की है और शीघ्र ही कोंच एट शटल भी चालू होने की उम्मीद की है। विदित हो कि गत वर्ष 21 मार्च से कोविड के चलते कोंच रेलवे स्टेशन पर स्थापित आरक्षण खिड़की बंद कर दी गयी थी साथ ही कोंच–एट शटल ट्रेन का संचालन भी बंद कर दिया गया था।वहीं कोरोना की रफ्तार



कम हो जाने के कारण ज्यादातर चीजें अनलॉक की जा रहीं थीं तब इलाके की जनता की दिक्कतों को देखते हुए व जनता की मांग को लेकर केंद्रीय राज्यमंत्री व स्थानीय सांसद भानुप्रताप सिंह वर्मा ने रेलवे के उच्चाधिकारियों से प्रभावी वार्ता कर आरक्षण खिड़की शुरू कराये जाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की थी।



Divine Heart & Multispecialty Hospital
बाल हृदय रोग ओ.पी.डी.
प्रत्येक बृहस्पतिवार
प्रात: 11:00 बजे दोपहर 2 बजे तक
डॉ. (प्रोफेसर ) वी. एस. नारायन
M.D.,D.M., FRCP (London) FESC, FSCAI
डॉ. अम्बुकेश्वर सिंह
M.D.,D.M., Cardiology
डॉ. तरुण आनन्द
M.B.B.S., M.D.(Pediatrician), FNNF Fellowship in Neonatalogy
जन्मजात हृदयरोग के लक्षण
नीला पड़ना (होंठ ,नाखून )
दूध पीने में परेशानी (पसीना आना, थक जाना )
बार - बार सर्दी जुकाम होना
बच्चे का अत्यधिक चिढ़चिढ़ाना
वजन का न बढ़ना
पसली तेज़ चलना
इस ओ.पी.डी. में हृदय के जन्मजात रोगों के बारे में जाँच होगी और उसके निवारण के बारे में सलाह दी जाएगी।




DIVINE MULTISPECIALTY HOSPITAL
Divine Heart & Multispecialty Hospital
0522 – 2721991, 9839 012 715 www.divinehearthospital.com
Our Multispecialty Services
• Cardiology
• Cardiovascular Surgery
• Cardiac Anaesthesia
• Nephrology
• Gynaecology
• Orthopedics
• Pathology, Blood Bank
• Dentistry
• Physiotherapy
• Paediatrics And Neonatology

## दीवाल गिरने से व्रद्ध महिला की मौत परिजनों में मचा कोहराम

### देर रात दरवाजे आई महिला पर भरभराकर गिरी पडोसी की दीवार

अवध की आवाज

कदौरा/जालौन। बीती रात तेज बारिश से गिरी दीवाल से दबाकर पड़ोसी व्रद्ध महिला की मौत हो गयी के दौरान सोमवार को मौत हो गयी।वही ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उक्त महिला अत्यधिक निर्धन परिवार है जो कि मेहनत मजदूरी



जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। ज्ञातव्य हो कि विकास खण्ड कदौरा क्षेत्र ग्राम बागी में महिला बिन्दा देवी पत्नी स्व सीताराम प्रजापति 80 वर्ष पर पडोसी की दीवाल गिरने से घायल होने के बाद उपचार के दौरान मौत हो गयी। मामले में महिला के नाती गोधन प्रजापति द्वारा बताया कि 1 अगस्त की रात उनकी दादी अपने घर मे सो रही एव रात में पेशाब के लिए बाहर आई तो पड़ोसी की दीवाल भरभराकर उनके ऊपर गिर गई जिससे वह दबकर गम्भीर रूप से घायल हो गयी आवाज सुनकर जागे परिजनों द्वारा रात में ही महिला को सीएचसी कदौरा ले जाया गया जिनका उपचार कर अपना भरण पोषण करते थे वही हादसा होने से सम्पूर्ण परिजनों में कोहराम मच गया।वही बीते दिनों की बारिश से गिरे मकान व जलभराव से जनजीवन अस्त व्यस्त हो चुका है बारिश के कारण लगातार ग्रामीणांचल में कच्चे घर गिरने का सिलसिला जारी बना हुआ है फिलहाल दुर्घटना से हुई महिला की मौत मामले में समाजसेवियों में शशिकांत प्रजापति द्वारा प्रसाशन से मांग की गयी कि उक्त निर्धन परिवार की मदद की मांग की है।मामले में प्रधान राजबहादुर द्वारा कहा गया कि लेखपाल को सूचना देकर सम्भव मदद का प्रयास किया जाएगा।

# वन विभाग की जमीन पर किसानों के नाम तालाब खोद कर खूब हुआ भृष्टाचार

अवध की आवाज

माधौगढ़– भूमि संरक्षण विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों का एक और कारनामा सामने आया है। जिसको लेकर उच्च स्तरीय शिकायत की गई है। भूमि संरक्षण विभाग के जिम्मेदारों ने दलालों के माध्यम से वन विभाग की जमीन किसानों के नाम दिखा कर तालाब खुदवा दिए और उनकी रकम को डकार लिया। जिसको लेकर श्याम पाठक पुत्र प्रभु दयाल निवासी नुनायचा ने उच्चस्तरीय शिकायत की है। काफी टाइम से भूमि संरक्षण विभाग बीहड़ के क्षेत्रों में विकास के पैसों को बंदरबांट कर रहा है लेकिन मामला उछला तो परत दर परत कई भ्रष्टाचार सामने आने लगे। श्याम पाठक ने शिकायत करते हुए बताया कि उनके गांव में 50 एकड़ कीमती



वन विभाग की जमीन है। जिसमें वाचर और फॉरेस्टर की मदद से ग्रामीणों ने अवैध कब्जे कर लिए। जिनका मोटा नजराना वन विभाग के अधिकारी लेते हैं। यही नहीं वन विभाग की कीमती जमीन आराजी संख्या 689 में भूमि संरक्षण विभाग ने किसानों के नाम दिखाकर तालाब खुदवा दिए हैं और लाखों रुपया डकार लिया। पूरा मामला जानने के बाद वन विभाग के जिम्मेदारों ने कार्रवाई के बजाय सांठगांठ कर ली है। भूमि संरक्षण विभाग तालाबों की खुदाई में खूब बारे–न्यारे कर रहा है। जिसमें स्थानीय दलालों का सहयोग रहता है। जिनके माध्यम से तालाब की सब्सिडी किसानों के नाम से दलाल और भूमि संरक्षण के अधिकारी बंदरबांट करते हैं।

## मेसरकार की पेयजल जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं में विभागों की खानापूर्ति

### बिना मास्क भीड़ में दिखे प्रशिक्षु व ट्रेनर गांवो में नही होता योजनाओं अनुसरण

अवध की आवाज

कदौरा/जालौन ।सरकार जिन महत्वपूर्ण योजनाओं में करोड़ो अरबो का धन खर्च करती है उन्हे विभाग व जनता द्वारा महत्व नही दिया जाता और इनके प्रशिक्षण महज खानापूर्ति के लिए निपटा कर कागजों में रिकार्ड बनते रहते है जबकि ग्रामीनाचल में इसका कोई मतलब ही नही होता साथ ही ट्रेनिंग में बिना मास्क नियमो का उल्लंघन भी जमकर हुआ जो कि निंदनीय है। गौरतलब हो कि कदौरा विकास खण्ड सभागार में जलजीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत पेयजल गुणवत्ता



एव अनुश्रवण हेतु महिला प्रतिभागियों के एफ टी के एव डब्ल्यू क्यू एम आई एस पोर्टल प्रयोग विधि विषयक का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें जनपद से आये ट्रेनर व प्रशिक्षण धिकारी डॉ अमित राज सिंह के नेतृत्व में राजस्व ग्राम से एकत्रित हुई प्रशिक्षु आशा एएनएम स्वयं सहायता समूह व आंगनवाड़ी महिलाओ को प्रशिक्षण दिया गया जिसमें उक्त टीम को बताया गया कि हम अपने गांव क्षेत्र में पेयजल की गुणवत्ता की कैसे जांच करे जिसमे सभी उक्त संसाधन के माध्यम से जल की जांच कर आख्या सम्बन्धित अधिकारी को दे जिससे पानी की गुणवत्ता सही रह सके।जिन्हें प्रयोग कर बताया गया।वही प्रशिक्षण में क्षेत्रीय प्रशिक्षु व प्रशिक्षक द्वारा कोई विशेष रुचि नही दिखाई गई।क्यो कि ट्रेनिंग में शोर गुल जारी रहा एव भीड़ द्वारा बिना मास्क कोविड नियमो का उल्लंघन साफ साफ होते दिखा जिस पर कोई गौरतलब नही हुआ। बड़ी बात ये है कि जब खुद अधिकारी ही अपनी बैठक व ट्रेनिंग में कोविड नियमो के पालन पर जोर नही देते तो आम जनता क्यो गौरतलब करेगी रहेगी बात योजनाओं की तो अक्सर सभागार में गुप्त रूप से ऐसी बैठक केवल खानापूर्ति में ही निपट जाती है और गांवो में कही भी इसका असर व प्रयोग देखने को नही मिलता जैसे कि जल सरक्षण को लेकर भी बैठक की गयी लेकिन कभी भी गांव नगर में पेयजल की बर्बादी पर रोक नही लग सकी। प्रशिक्षण में एडीओ पंचायत बलवीर सिंह सीडीपीओ गोमती देवी प्रशिक्षण अधिकारी अमित कुमार मास्टर ट्रेनर राम कुमार राजा बेटी कमलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## कीचड़ से सना गांव का मुख्य रास्ता, पैर रखना भी हुआ दूभर

### बारिस ने मचाई आफत आज फिर कई मकान गिरे

अवध की आवाज

पिरौना (जालौन) गांव के मुख्य रास्ते पर सीसी सड़क नहीं बनाए जाने की वजह से रास्ते पर एक–एक फीट से ज्यादा कीचड़ हो गया है। जिससे ग्रामीणों का घरों से बाहर निकलना भी दूभर हो रहा है। मामला परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कीचड़ इतना ज्यादा है कि गांव के पुरुष, महिला और बच्चे आए दिन कीचड़ से सने हुए इस रास्ते पर फिसलकर गिर रहे हैं जिससे ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है



कोंच तहसील क्षेत्र के पिरौना ग्राम पंचायत का है जहां गांव की मुख्य सड़क पर पंचायत द्वारा अभी तक सीसी सड़क नहीं बनाई गई है। जिससे गांव के मुख्य रास्ते पर साल के 12 महीनों कीचड़ भरा रहता है स्थिति यह है कि ग्रामीणों को घर से बाजार दूसरे मोहल्लों में जाने के लिए कीचड़ से सने हुए रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है। जिससे उन्हें कि उनके गांव की मुख्य सड़क का निर्माण जल्द से जल्द करवाया जाए ताकि उन्हें इस तरह की परेशानियों से निजात मिल सके दूसरी ओर बारिश ने लोगो की नीद भी छीन ली पिरौना निवासी गोविन्द सिंह यादव का मकान धराशायी हो गया मकान में बंधे जानवरो को बड़ी मशक्कत के बाद घर से निकाला इसके बाद रात में केश कुमार उर्फ केशा यादव पिरोना मोहल्ला भ्याजू गंज का मकान गिर गया और नाला पूरा बंद हो गया जिससे मुहल्ले का पानी पूरा बंद हो गया जिसके कारण बरसात का पानी लोगो के घरों में भरने लगा राजश्री अहिरवार का मकान भी बारिश से गिर गया बारिश का प्रकोप इतना बढ़ गया कि लोगो की नीद हराम हो गई साथ ही पिरौना कौसल, पवन, दिलीप, खेतसिंह, महेंद्र, रामसेवक, साहब सिंह, सरजुराम, घनश्याम, रामशंकर, सुघर सिंह, लक्ष्मन सिंह, सुरेश, रामचरन यादव, दयाल सिंह यादव, नंदराम आदि लोगो ने बताया की दो वर्षो ने सड़क की हालत बद से बदत्तर हो गयी इस ओर किसी भी अधिकारी का ध्यान नही जाता।

## हरगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत कमला चिकित्सालय के मुकेश वर्मा के ऊपर सिरफिरे ने तलवार से की हत्या

अवध की आवाज

सीतापुर। हरगांव सीतापुर–जनपद के थाना हरगांव क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मुद्रासन में स्थित कमला चिकित्सालय के डॉ नरेंद्र वर्मा निवासी मुद्रा सिंह के ऊपर गांव के ही हत्यारे ने मंगलवार को दोपहर को तलवार से वार कर मौत के घाट उतार दिया। हरगांव पुलिस मौके पर मौजूद सिपाहियों ने हत्यारे को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया। इस घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। जहां मुंद्रासन में डॉक्टर मुनेंद्र पाल वर्मा की क्लीनिक में घुसकर हमलावरों ने हत्या कर दी। डॉक्टर मुनेंद्र वर्मा की क्लीनिक कमला चिकित्सालय नाम से जानी जाती है। उसी क्लीनिक में घुसकर हमलावरों ने घटना को अंजाम दिया है। डॉ के हाथ पैर काट कर हत्या की गई है।

# सम्पादकीय

## अमेरिका की लापरवाही से बिगड़े हालात भारत समेत पूरी दुनिया के लिए सबक हैं

एक छोटी–सी लापरवाही अमेरिका सहित दुनिया के देशों पर भारी पड़ने लगी है। दरअसल अमेरिका में कोरोना संक्रमण का ग्राफ एक बार फिर बढ़ने लगा है और इसका प्रमुख कारण सरकार द्वारा मास्क हटाने के जल्दबाजी के निर्णय को माना जा रहा है। हालात की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि अमेरिका में वैक्सीनेशन की दोनों डोज लगा चुके नागरिकों को भी अब बंद स्थानों पर भी मास्क लगाए रहने के निर्देश दिए गए हैं। दरअसल मास्क हटाने की लापरवाही के चलते अमेरिका में संक्रमण का ग्राफ 145 फीसदी तक बढ़ गया है। 28 जुलाई को अमेरिका संक्रमण के मामलें में एक बार फिर शीर्ष पर आ गया और 61 हजार नए मामले सामने आए हैं। चिंता की बात यह है कि भारत भी संक्रमण के मामले में दूसरे नंबर पर और ब्राजील तीसरे नंबर पर चल रहे हैं। हालांकि कोरोना से मौत के मामले में भारत तीसरे स्थान पर है। पर हालात की गंभीरता को इसी से समझा जाना चाहिए कि केरल और महाराष्ट्र में कोरोना संक्रमितों की संख्या तेजी से बढ़ने लगी है। दरअसल अमेरिका में 14 मई को एक आदेश जारी कर वैक्सीनेशन की दोनों डोज लगा चुके लोगों को सार्वजनिक और इनडोर स्थानों पर भी मास्क न लगाने की छूट दे दी गई। लोगों को मौका मिल गया और फिर कोरोना प्रोटोकाल की पालना नहीं होनी ही थी। इससे कोरोना के नए अवतार डेल्टा का संक्रमण बढ़ने लगा और परिणाम सबके सामने हैं। यह सब तो तब है जब अमेरिका में 49 प्रतिशत आबादी को वैक्सीन की दोनों डोज लग चुकी हैं। ऐसा नहीं है कि अमेरिका में ही यह हालात हो, इंग्लैण्ड की स्थिति सबके सामने है। इसी तरह कमोबेश स्थितियां अन्य देशों में सामने आ रही हैं। वैज्ञानिकों द्वारा कोरोना की तीसरी लहर की घोषणा पहले ही की जा चुकी है। यहां तक माना जा रहा है कि यूरोपीय देशों में तो तीसरी लहर ने दस्तक दे दी है। यह तो संपन्न और शिक्षित देशों के हालात हैं। ऐसे में पिछड़े देशों के हालात की कल्पना आसानी से की जा सकती है। देश में कोरोना की दूसरी लहर के हालातों ने जितनी जनहानि की है वह त्रासद स्थिति भुलाए नहीं भूली जा सकती। ऑक्सीजन के लिए तड़पते संक्रमितों और उनके परिजनों को एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल जाते, बेड नहीं मिलने के कारण अस्पताल के बाहर ही दम तोढ ड़ते लोगों के जो हालात सामने रहे हैं वह हालातों को स्वयं बयां करने को काफी हैं। वेंटिलेटर बेड, ऑक्सीजन बेड के लिए जो मारामारी रही और जिस तरह से कुछ असामाजिक लोगों ने इन हालातों का बेजा फायदा उठाने का प्रयास किया वह मानवता को शर्मसार करने के लिए काफी है। कोरोना के इलाज के लिए आवश्यक दवाओं की जिस तरह से जमाखोरी और कालाबाजारी सामने आई और एक–एक लाख तक में इंजेक्शन ब्लैकियों द्वारा उपलब्ध कराया जाना अपने आप में चिंतनीय है। ऐसे में तीसरी लहर के लिए गंभीर होना जरूरी हो जाता है। खासतौर से तीसरी लहर में बच्चों के अधिक संक्रमित होने की भविष्यवाणी गंभीर हो जाती है। दरअसल हमें ही नहीं बल्कि दुनिया के देशों को अमेरिका के ताजा हालातों से सबक लेना होगा। हमारे यहां भी छूट का दायरा तेजी से बढ़ रहा है। बाजारों व सार्वजनिक स्थानों पर आवाजाही आम होती जा रही है। हालांकि अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए देर सबेर हालात सामान्य करना भी आवश्यक है। पर इस सबके साथ कोरोना प्रोटोकाल की पालना भी उतनी ही जरूरी हो जाती है। हमें नहीं भूलना चाहिए कि कोरोना अभी गया नहीं है। इसका असर बरकरार है। इसलिए लोगों को कोरोना प्रोटोकाल की पालना के प्रति गंभीर रहना ही होगा। दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी आज भी उतना ही जरूरी है जैसा पहले था। अब स्टे होम, स्टे सेफ की बात करना तो बेमानी होगा। क्योंकि कोरोना के साथ साथ ही हमें जीना है, आगे बढ़ना है, आर्थिक गतिविधियों को संचालित करना है, काम धंधे जारी रखना है। आखिर सरकार की भी एक सीमा है। ऐसे में देश के प्रत्येक नागरिक का दायित्व हो जाता है कि वो आत्म नियंत्रण करना सीखे। यह हमारी सनातन परम्परा भी कहती आ रही है। इसमें नया कुछ भी नहीं है। निज पर शासन फिर अनुशासन आज की आवश्यकता है। मास्क का उपयोग और दो गज की दूरी उतनी ही जरूरी है जितनी कोरोना के पहले दौर में थी। मास्क लगाना, बार–बार हाथ धोना और सेनेटाइजर का उपयोग आने वाले समय में भी जारी रखना होगा। अपनी सुरक्षा अपने हाथ में है यह हमें समझना होगा। यह देश के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी हो जाती है। हालांकि देश में तेजी से वैक्सीनेशन जारी है। पर हमें अमेरिका से सबक लेना होगा, वैक्सीनेशन का मतलब कोरोना व खासतौर से कोरोना के नए अवतारों से मुक्ति नहीं समझना होगा। हालांकि देश में एंटीबॉडीज का प्रतिशत बढ़ रहा है। यह भी सही है कि कोरोना की दोनों डोज लेने के बाद भी संक्रमित हुए हैं और ऐसे संक्रमितों को जीवन मृत्यु से दो चार होते हुए देखा गया है। इसलिए हमें मास्क लगाना, दो गज की दूरी सहित कोरोना प्रोटोकाल की पालना के लिए गंभीर रहना ही होगा। सरकार को भी कोरोना प्रोटोकाल की पालना के प्रति कठोरता बरतनी ही होगी।

# संसदीय अवरोध : विपक्ष का अतिवादी रवैया–ललित गर्ग

कोरोना की संकटकालीन स्थितियों के बीच संसद का यह वर्षाकालीन सत्र अत्यधिक महत्वपूर्ण होना था लेकिन वह प्रतिदिन अवरोध के कारण निरर्थकता की ओर बढ़ता चला जा रहा है। संसद के मॉनसून सत्र की आधे से ज्यादा अवधि संसदीय अवरोध एवं हंगामे की भेंट चढ़ चुकी है। 19 जुलाई को शुरू हुआ यह सत्र 13 अगस्त तक चलना है। अभी तक इसमें नाम मात्र का ही काम हुआ है। सरकार ने कुछेक बहुत जरूरी बिल बिना किसी बहस के भले ही पारित करवा लिए हो, लेकिन बहुत सारे बिलों को पारित किया जाने अपेक्षित है। लगातार संसदीय अवरोध का कायम रहना लोकतंत्र को कमजोर कर रहा है। लोकतंत्र में संसदीय अवरोध जैसे उपाय किसी भी समस्या का समाधान नहीं कर सकते। इस मौलिक सत्य व सिद्धांत की जानकारी से आज का विपक्षी नेतृत्व अनभिज्ञ है। सत्ता के मोह ने, वोट के मोह ने शायद उनके विवेक का अपहरण कर लिया है। कहीं कोई स्वयं शेर पर सवार हो चुका है तो कहीं किसी नेवले ने सांप को पकड़ लिया है। न शेर पर से उतरते बनता है, न सांप को छोड़ते बनता है। पिछले लगभग दो सप्ताह से दोनों सदनों का काम–काज लगभग ठप्प है। दोनों सदन अनवरत शोर–शराबे के बाद रोज ही स्थगित हो जाते हैं। संसद चलाने का एक दिन का खर्च 44 करोड़ रु. होता है। लगभग 500 करोड़ रु. पर तो पानी फिर चुका है। ये पैसा उन लोगों से वसूला जाता है जो दिन–रात अपना खून–पसीना एक करके कमाते हैं और सरकार का टैक्स भरते हैं। ऐसा लगता है कि संसद का सत्र चलाने की परवाह न तो सरकार को है और न ही विपक्ष को! दोनों अपनी–अपनी टेक पर अड़े हुए हैं, दोनों ही अपनी ढपली अपना राग अलाप रहे हैं। ये शायद अड़ते नहीं लेकिन पेगासस जासूसी का मामला अचानक ऐसा उभरा कि पक्ष और विपक्ष दोनों एक–दूसरे के खिलाफ तलवारें भांजने लगे।

संसद के कामकाज में बाधा डालकर विपक्ष न केवल अपने को कमजोर साबित कर रहा है बल्कि भारतीय लोकतंत्र की बुनियाद को भी खोखला कर रहा है। अच्छा होता अगर वह संसद का इस्तेमाल सरकार से तीखे सवाल करने के लिए करता, आम जनता से जुड़े मुद्दों पर सरकार की विफलता को उजागर करता, सरकार नीतियों को सशक्त बनाने में सार्थक बहस करने में करता। उसके पास इसके लिए मुद्दों की कमी नहीं हैं। खासतौर पर कोरोना महामारी की दूसरी लहर की अव्यवस्था। बेरोजगारी, अफगान–संकट, भारत–चीन विवाद, जातीय जनगणना, बढ़ती महंगाई, गिरती कानून व्यवस्था आदि कई मुद्दों पर सार्थक संसदीय बहस के द्वारा विपक्ष स्वयं को जिम्मेदार होने का अहसास कराता। जैसे आरजेडी सांसद मनोज झा ने सदन में दूसरी लहर में हुई मौतों पर देश से माफी मांगते हुए सबके लिए स्वास्थ्य के अधिकार की मांग की तो उसकी काफी चर्चा हुई। ऐसा ही एक मुद्दा वैक्सीन का भी है। टीकाकरण की रफ्तार बहुत धीमी क्यों हो गई है? इसकी गति बढ़ाने के लिए क्या हो रहा है? और यह काम कब तक पूरा होगा? विपक्ष को सरकार से इसका जवाब मांगना चाहिए। संसद में पूछे गए सवालों के जवाब में स्वास्थ्य राज्यमंत्री भारती पवार ने कोवैक्सीन और कोविशील्ड के प्रॉडक्शन के अलग–अलग आंकड़े बताए। विपक्ष को इस पर सरकार को घेरना चाहिए था। ऑक्सिजन की कमी से हुई मौतों पर भी सवाल पूछे जाने चाहिए और पूछे गये सवालों के आधे–अधूरे जबावों पर सरकार को घेरना चाहिए। विपक्ष के पास मुद्दों की कमी नहीं है, देश की खराब अर्थव्यवस्था का मुद्दा भी है। हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने देश की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 3 फीसदी घटा दिया। इसका मतलब यह है कि एक तरफ जहां कोरोना की दूसरी लहर ने आर्थिक रिकवरी को धीमा कर दिया, वहीं दूसरी तरफ सरकार के दिए गए आर्थिक पैकेज से उम्मीद के मुताबिक नतीजे नहीं मिले। पेट्रोल, डीजल पर भारी टैक्स भी एक बड़ा मुद्दा है, जो हर इंसान की जिंदगी पर असर डाल रहा है। लगातार पेट्रोलियम पदार्थों के दाम बढ़ने से महंगाई आसमान छू रही है, सकारात्मक एवं प्रभावी सोच हो तो एक प्यास के बढ़े दाम सरकारों को गिराने का माध्यम बना है। अभी तो मुद्दे ही मुद्दे है। कृषि कानूनों का भी मामला है, जिस पर किसान आंदोलनरत हैं। सरकार की विफलताएं कम नहीं है, समस्याएं भी अनेक हैं। संसदीय अवरोध से हम प्रतिपल देश की अमूल्य धन–सम्पदा एवं समय–सम्पदा बहुत खो चुके हैं। जिनकी भरपाई मुश्किल है। इसके साथ ही भाईचारा, सद्भाव, लोकतंत्र के प्रति निष्ठा, विश्वास, करुणा यानि कि जीवन मूल्य भी खो रहे हैं। मूल्य अक्षर नहीं होते, संस्कार होते हैं, आचरण होते हैं। उन्माद, अविश्वास, राजनैतिक अनैतिकता, गैरजिम्मेदाराना व्यवहार, दमन एवं संदेह का वातावरण उत्पन्न हो गया है। उसे शीघ्र कोई दूर कर सकेगा, ऐसी सम्भावना दिखाई नहीं देती। ऐसी अनिश्चय और भय की स्थिति किसी भी राष्ट्र के लिए संकट की परिचायक है। विशेषतः लोकतंत्र के लिये दुर्भाग्यपूर्ण है। विपक्ष ने विरोध प्रकट करने का असंसदीय एवं आक्रामक तरीका ज्यादा से ज्यादा अपनाकर अपने विरोध को विराट बनाने के लिये सार्थक बहस की बजाय शोर–शराबा, नारेबाजी एवं संसद को अवरुद्ध करने का जो तरीका अपना रखा है, उससे लोकतंत्र की मर्यादाएं एवं गरिमा तार–तार हो रही है। संसद में रचनात्मक बहस तभी हो सकती है जब दोनों पक्षों में एक–दूसरे के विचारों को शान्ति के साथ सुनने की क्षमता जागे और दूसरे की बात पूरी हो जाने पर अपने सवालों को उठाया जाये। बहस का मतलब टोका–टाकी, छींटाकशी, आरोप–प्रत्यारोप या दूसरे के भाषण के दौरान अपना भाषण शुरू करना नहीं हो सकता। इससे संसद का माहौल बिगड़ता है। विपक्ष सशक्त मुद्दों को उठाकर, शालीन एवं शिष्टता का परिचय देकर न केवल स्वयं को मजबूती दे सकता है, बल्कि असंख्य जनता का विश्वासपात्र भी बन सकता है, लेकिन ऐसा न होना विडम्बनापूर्ण है। बेशक, पेगासस भी एक मुद्दा है, लेकिन इसे लेकर अदालत में याचिकाएं दाखिल की गई हैं। विपक्ष को देखना चाहिए कि वहां इसे लेकर क्या होता है। उसे समझना होगा कि राज्यों में हुए पिछले दौर के चुनाव में उम्मीद के मुताबिक भाजपा का प्रदर्शन न कर पाने, महामारी और आर्थिक मुद्दों को लेकर सरकार दबाव में है। संसद में सवाल पूछकर उसे केंद्र पर दबाव और बढ़ाना चाहिए। संसद के कामकाज में बाधा डालने से उसके हाथ कुछ नहीं लगेगा, उलटे भाजपा इससे खुश होगी। सदन की गरिमा अक्षुण्ण रखना विपक्ष का भी दायित्व है। लोकसभा कुछ खम्भों पर टिकी एक सुन्दर ईमारत ही नहीं है, यह एक अरब तीस करोड़ जनता के दिलों की धड़कन है। उसके एक–एक मिनट का सदुपयोग हो। वहां शोर, नारे और अव्यवहार न हो, अवरोध पैदा नहीं हो। ऐसा होना निर्धनजन और देश के लिए हर दृष्टि से महंगा सिद्ध होता है। यदि हमारा विपक्ष ईमानदारी से नहीं सोचेगा और आचरण नहीं करेंगा तो इस राष्ट्र की आम जनता सही और गलत, नैतिक और अनैतिक के बीच अन्तर करना ही छोड़ देगी। देश का भविष्य संसद के चेहरे पर लिखा होता है, यदि वहां मर्यादाहीनता एवं अशालीनता का प्रदर्शन होता है तो समस्याएं सुलझने की बजाय उलझती जाती है। छोटी–छोटी बातों पर अभद्र शब्दों का व्यवहार, हो–हल्ला, छींटाकशी, हंगामा और बहिर्गमन आदि ऐसी घटनाएं है, जिनसे संसद जैसी प्रतिनिधि संस्था का गौरव घटता है। यह बात चुने हुए प्रतिनिधियों एवं विपक्ष को समझाना ही चाहिए। भारतीय संस्कृति के इन मूलमंत्रों को समझने की शक्ति भले ही वर्तमान राजनीतिज्ञों में न हो, पर इस नासमझी से सत्य का अंत तो नहीं हो सकता। अंत तो उसका होता है जो सत्य का विरोधी है, जो ईमानदारी से हटता है। अंत तो उसका होता है जो जनभावना के साथ विश्वासघात करता है। जनमत एवं जन विश्वास तो दिव्य शक्ति है। उसका उपयोग आदर्शों, सिद्धांतों और मर्यादाओं की रक्षा के लिए हो। तभी अपेक्षित लक्ष्यों की प्राप्ति होगी। तभी होगा राष्ट्रीय समस्याओं का समाधान। तभी होगी अपनत्व और विश्वास की पुनः प्रतिष्ठा। वरना ईमानदारी की लक्ष्मण रेखा जिसने भी लांघी, वक्त के रावण ने उसे उठा लिया।

# भाजपा नगर कार्यसमिति की हुई बैठक

अवध की आवाज

कोंच(जालौन)रू भाजपा जिलाध्यक्ष रामेंद्र सिंह बनाजी ने नगर में आयोजित पार्टी कार्यक्रम में कहा कि भाजपा एक अनुशासित दल है। भाजपा कार्यकर्ता अपने हितों की चिंता न कर संगठन के हितों की चिंता करने बाले हैं जो अहर्निश संगठन को गति प्रदान कर रहे हैं। ऐसे श्रेष्ठ कार्यकर्ता साधुवाद के पात्र हैं। संगठन आज जिन ऊंचाइयों पर है उसमें कार्यकर्ताओं का योगदान अतुलनीय है। संगठन का लक्ष्य समाज के सबसे निर्बल व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा में लाना है। गहोई भवन में भाजपा कोंच नगर मंडल कार्यसमिति की बैठक जिलाध्यक्ष रामेंद्र सिंह बनाजी के मुख्य आतिथ्य एवं पूर्व जिलाध्यक्ष नगर प्रभारी बृजभूषण सिंह मुन्नू के विशिष्ट आतिथ्य, जिला महामंत्री



अग्निवेश चतुर्वेदी, संस्थापक अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल की उपस्थिति तथा नगर अध्यक्ष सुनील लोहिया की अध यक्षता में संपन्न हुई। विशिष्ट अतिथि बृजभूषण सिंह ने संगठन की आगामी कार्य योजना के बाबत विस्तार से प्रकाश डालते हुए आगामी विधानसभा के चुनाव में पार्टी की जीत के लिए प्राणप्रण से जुट जाने का आह्वान किया। नगर अध यक्ष सुनील लोहिया ने कार्य प्रगति आख्या प्रस्तुत की। संचालन महामंत्री डॉ. आशुतोष कुमार मिश्रा ने किया, नगर उपाध्यक्ष विक्रम सिंह तोमर ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान महामंत्री ओपी कुशवाहा, कोषाध्यक्ष प्रमंजन गर्ग, अनिल अग्रवाल, दीपक मिश्रा, मनीष नगरिया, प्रदीप वर्मा, धर्मेंद्र राठौर, राघवेंद्र निरंजन, अवध यादव, राकेश वर्मा, डीके सोनी, श्याम बिहारी गुप्ता, जिला मंत्री अंजू अग्रवाल, कमलेश चोपड़ा, शिवप्रसाद निरंजन, सुनीलकांत तिवारी, प्रदीप गुप्ता, राजेश्वरी यादव, महेंद्र सोनी, प्रेमनारायण वर्मा, धर्मेंद्र यादव, अर्चना सोनी, नंदिनी पटेल, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष रविकांत कुशवाहा, डॉ. सावित्री गुप्ता, बबीता अग्रवाल, प्रभा गुप्ता, ऋतुराज प्रजापति, सौरभ पुरवार, विकास पटेल, महेंद्र अग्रवाल, आकाश गुप्ता, श्याम किशोर गुर्जर, सुशील दूरवार, संजीव गर्ग, शशिकांत सोनी, शैलेंद्र गर्ग, जगदीश कुशवाहा, कुलदीप निरंजन, ओपी अग्रवाल, संतोष राठौर, बसंत अग्रवाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



कानपुर नगर। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला अध यक्ष ने कोरोना योद्धा डॉक्टरों का सम्मान किया

## लोगो को जागरूक कर करा रहे वैक्सीनेशन– अमर प्रकाश

### कोरोना को जड़ से मिटाने का वैक्सीनेशन ही एकमात्र इलाज

अवध की आवाज

निघासन खीरी। ग्राम पंचायत बरोठा के प्राथमिक विद्यालय में चल



रहा टीकाकरण अभियान जिसमें अहम भूमिका निभा रहा है ग्राम रोजगार सेवक संघ के ब्लाक उपाध यक्ष अमर प्रकाश शुक्ला लोगों को जागरूक कर करा रहे वैक्सीनेशन और लोगों को बता रहे हैं कि कोरोना से बचाव का वैक्सीनेशन ही एकमात्र इलाज है। कोरोना से बचने का और कोई उपचार नहीं है। कोरोना अभी खत्म नही हुआ है। और वो पता नही कौन सा नया रूप लेकर सामने आ जाये कुछ पता नही है इससे पहले वो हमारे शरीर पे हावी हो। उससे पहले हम सभी लोग वैक्सीनेशन जरूर कराएं जिससे हम और हमारा परिवार सुरक्षित रह सके। बरोठा के लोगो ने भी जागरुकता का परिचय देते हुए 100 लोगों ने पहली डोज लगवाई। और डोज उपलब्ध न होने के कारण कुछ लोग वापस भी हो गए। सूत्रों की माने तो कोरोना एक भयानकर रूप ले सकता है। इस लिए हम सभी लोग जहाँ भी हो टीका अवश्य लगवाये जिससे हम लोग कोरोना से जीत ले ।इस दौरान मौके पर मौजूद रहे ध ीरेंद्र कुमार पांडे केके विश्वकर्मा एनम मीरा लोधी,आशा रूबी देवी आदि लोग उपस्थित रहे।

## कानपुर महानगर में 5 अगस्त को अन्न महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा

### जिस के निमित्त जिला अध्यक्ष सुनील बजाज ने पदाधिकारी व मंडल अध्यक्षों की एक वर्चुअल बैठक की

कुलदीप सिंह

अवध की आवाज

कानपुर नगर। नेतृत्व द्वारा निर्देशित आगामी कार्यक्रमों के क्रम में दिनांक 5 अगस्त को अन्न महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। जिस के निमित्त आज भारतीय जनता पार्टी कानपुर उत्तर जिला कार्यालय नवीन मार्केट से जिला अध्यक्ष सुनील बजाज ने पदाधिकारी व मंडल अध्यक्षों की एक वर्चुअल बैठक की। बैठक में निर्देशित किया गया कि श्अन्न महोत्सवश् के दिन भाजपा कानपुर महानगर उत्तर के अंतर्गत मंडल के कार्यकर्ता एवं जन–प्रतिनिधि कोटे की दुकानों पर पहुंचकर राशन



वितरण करवाएंगे। साथ ही लोगों को कोविड प्रोटोकाल का पालन करने व वैक्सीनेशन कराने के लिए जागरूक भी करेंगे। दुकान पर उपस्थित कार्यकर्ता राशन लेने आए लोगों का पुष्प देकर उनका स्वागत भी करेंगे। जिलाध्यक्ष ने बताया कि इस दिन अंत्योदय व पात्र गृहस्थी योजना के लाभार्थियों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत प्रति यूनिट पांच किग्रा के हिसाब से निशुल्क राशन वितरित किया जाएगा। राशन के साथ ही एक बैग भी प्रत्येक कार्डधारक को दिए जाने के निर्देश है। इस बैग पर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की फोटो के साथ अंकित होगा। जिला अध्यक्ष ने कहा कि इस योजना के प्रचार–प्रसार के लिए नेतृत्व द्वारा निर्धारित प्रारूप पर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की फोटो युक्त बैनर बनवाकर कोटे की दुकानों पर प्रदर्शित किया जाए। जिला अध्यक्ष ने बैठक में कहा कि सभी मंडल अध्यक्षों को उनके मंडल के अनुसार आने वाली राशन कोटेदारों की दुकान की सूची कार्यालय से प्रेषित कर दी गई है जिसके अनुसार वह कार्यकर्ता को राशन की दुकान पर दिनांक 5 अगस्त को आम जनमानस की सुविधा और स्वागत के लिए तैनात करेंगे। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष ने बताया कि यह योजना 5 अगस्त को राज्य में अन्न महोत्सव (एक खाद्यान्न उत्सव) मनाने की है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगभग सभी राशन विक्रेताओं से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बात करने की उम्मीद है। इसलिए सभी कार्यकर्ताओं को पहले ही सभी व्यवस्थाओं को चाक–चौबंद कर लेना है। सभी कार्यकर्ता राशन की दुकानों पर पूर्व में ही मिलकर सभी प्रकार की व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करा लेंगे जिससे कि निशुल्क राशन के वितरण में कोई भी असुविधा का सामना ना करना पड़े। इस योजना के प्रचार–प्रसार हेतु कार्यकर्ता जगह–जगह होल्डिंग और पोस्टर भी लगवाने का कार्य करेंगे। जिलाध्यक्ष ने बताया कि भाजपा सरकार की तरफ से आए हुए थैलों के साथ–साथ भाजपा कार्यकर्ता भी भारतीय जनता पार्टी संगठन के द्वारा थैलों का वितरण आम जनमानस में करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को लोगों को कोविड वैक्सीन लेने के लिए प्रेरित करने का भी निर्देश दिया गया है। बैठक के उपरांत जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र व प्रदेश सरकार को आम जनमानस की चिंता है इस कोविड के दौरान में आम जनमानस को योजनाबद्ध तरीके से निशुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है इसके साथ ही और भी विभिन्न योजनाएं जो कि आम जनमानस के हित में है चलाई जा रही हैं जिसका सीधा लाभ जनता को मिल रहा है निश्चित रूप से यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा जनहित में सराहनीय प्रयास है। आज इस वर्चुअल बैठक में वीरेश त्रिपाठी संतोष शुक्ला अवधेश सोनकर जितेंद्र शर्मा (राजू शर्मा) रंजीता पाठक आशा पाल जन्मेजय सिंह आकाश शुक्ला अनुपम मिश्रा रंजीत भदौरिया रिचा सक्सेना सत्यम गुप्ता पारस मदान ऋषि गुप्ता अमित गुप्ता सत्यम शुक्ला श्यामू तिवारी रमाशंकर अग्रहरी चंद्रमणि चौबे अरविंद सिंह नीरज गुप्ता सुमित सरोज मोनेन्द्र सिंह धीरज साहू देवेंद्र सिंह संध्या मिश्रा चंद्रकांत द्विवेदी वैभव खंडेलवाल अखंड प्रताप सिंह शुभम दीक्षित राजेश कुमार तिवारी गौरव द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।




शाय महोली के पास लखीमपुर रोड पर एक लखनऊ नंबर शिफ्ट डिजायर नच 32 सब 43 42 का एक्सीडेंट हुआ है जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल।



उन्नाव। मंगलवार को सिकंदरपुर करण में ग्राम बंथर गहरा पहुंचे डीपीआरओ संजय यादव सहित ब्लॉक टीम के कोविड के चलते अनुज कुमार की मृत्यु हुई थी डीपीआरओ महोदय अनुज के बच्चों से मिलकर उनके परिवारिक जनों से मिलकर बच्चों के बारे में जानकारी ली दुख संवेदना व्यक्त करते हुए बच्चो के पढ़ाई लिखाई के विषय में जानकारी ली। अवध की आवाज ब्यूरो चीफ गुड्डू मिश्रा के पूछे जाने पर डीपीआरओ ने आने का कारण बताया जिलाधिकारी के निर्देशन में मैं आया हूं जनपद में जितने भी लोगों की कोविड के कारण मृत्यु हुई है उनके परिवार व बच्चों के दुख दर्द बांटने के लिए हम लोगों को भेजा गया है इसीलिए मैं यहां पर आकर बच्चों से मिलकर पढ़ाई के खेल की कुछ सामग्री देकर अन्य योजनाओं से अवगत करा रहा हूं।

# राज्य सरकार ने देर रात 10 आईपीएस अफसरों के किए तबादले

लखनऊ,(वेबवार्ता)। राज्य सरकार ने सोमवार की देर रात 10 आईपीएस अफसरों के तबादले कर दिए। इनमें कई जिलों के पुलिस उप महा निरीक्षक शामिल हैं। शासन ने जिन अफसरों का तबादला किया है। उनमें प्रतीक्षारत आनन्द प्रकाश तिवारी कानपुर पुलिस कमिश्नरेट के अपर पुलिस आयुक्त बनाए गए हैं। चंद्र प्रकाश द्वितीय को पुलिस उप महा निरीक्षक पीटीएस उन्नाव से यूपी एसएसएफ का डीआईजी बनाया गया है। उपेंद्र अग्रवाल को पुलिस उप महानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र से पुलिस मुख्यालय के पुलिस उप महानिरीक्षक बनाये गए हैं। ६ार्मेंद्र सिंह को पुलिस उप महानिरीक्षक यातायात लखनऊ से हटाकर पुलिस उप महा निरीक्षक रेलवे बनाया गया है। इनके अलावा जे रविंदर गौड़ पुलिस उप महानिरीक्षक मीरजापुर परिक्षेत्र से पुलिस उप महा निरीक्षक गोरखपुर बनाया गया है। डॉक्टर प्रीतिंदर सिंह को पुलिस उप महा निरीक्षक गोरखपुर से सहारनपुर रेंज भेजा गया है। आरके भारद्वाज को पुलिस उप महानिरीक्षक एसआईटी लखनऊ से पुलिस उप महानिरीक्षक मीरजापुर, अखिलेश कुमार को अपर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी से आजमगढ़ रेंज का पुलिस उप महानिरीक्षक, सुभाष चन्द्र दुबे को पुलिस उप महानिरीक्षक आजमगढ़ से पुलिस उप महानिरीक्षक मीरजापुर भेजा गया है। साथ विकास कुमार को अपर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी से पुलिस अधीक्षक (नगर) आगरा भेजा गया है। शासन ने देर रात को चार अपर पुलिस अधीक्षकों के तबादले किए थे। इनमें राम अर्थ को कानपुर से बिजनौर, अमित कुमार को बिजनौर से मेरठ, मोहिनी पाठक को मेरठ से यूपी–112 मुख्यालय और राम सुरेश को ईओडब्ल्यू मुख्यालय लखनऊ से उप सेना नायक 27वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर भेजा गया है।




# ठगी की रकम से नाइजीरियन ठग आनलाइन शापिंग कर पत्नी को भेजता था सामान

कानपुर (वेबवार्ता)। क्राइम ब्रांच द्वारा पकड़े गये नाइजीरियन ठग से पूछताछ में नित नये खुलासे हो रहे हैं। ताजा खुलासा यह कि मोसिस ठगी के पैसों से पत्नी के लिए आनलाइन कीमती सामान आर्डर करके भेजता रहता था। जिसे पत्नी बेच देती है। बेचकर जो पैसे मिलते उसे फिर से मोसिस के खाते में डाल देती थी। मोसिस के पास पत्नी द्वारा भेजे गये सामान की लिस्ट भी मोबाइल डेटा से पुलिस को मिली है। भारत से ठगी करके जमा की गई रकम को नाइजीरिया शिफ्ट करने में भी कोई परेशानी नहीं होती थी। पुलिस अब पत्नी और उसके गैंग में शामिल चार अन्य ठगों का भी एफआईआर में नाम बढ़ाएगी। भारत से ठगी की रकम से लाखों रुपए के उत्पाद नामी कंपनियों से ऑनलाइन खरीदकर मोसिस भेज चुका है। इससे आसानी से उसने ठगी के लाखों रुपए को नाइजीरिया पहुंचा दिया। पुलिस उसके खातों, कॉल डिटेल समेत अन्य जांच करके पूरे गिरोह का खुलासा करेगी। क्राइम ब्रांच की जांच में सामने आया है कि शातिर नाइजीरियन ने काफी संख्या में लोगों को ठगा है उनकी संख्या इतनी है कि उसे खुद भी याद नहीं है। उसके खातें की जांच करके संख्या पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल छह महीने के भीतर करीब 80 लाख का ट्रांजेक्शन सामने आया है। इसके साथ ही उसके लैपटॉप, पेन ड्राइव और मिले दस्तावेजों की भी जांच की जा रही है। पुलिस 2019 में इनके वीजा के एक्सपायर होकर अवैध रूप से रहने के मामले में भी इन पर एफआईआर लिखेगी। ठगी गैंग के अन्य सदस्यों की तलाश में पुलिस छापेमारी करने में जुटी हुई है। युवतियों से पहले फेसबुक और इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर लेना और इसके बाद उनसे वाट्सएप नंबर लेकर चौटिंग करना। फिर महंगा गिफ्ट भेजना और उसके बाद उस गिफ्ट पर कस्टम ड्यूटी के नाम पर अपने एकाउंट में रुपये डलवा लेना। फिर न दोस्त का पता और न ही उसके भेजे गिफ्ट का। कुछ यही काम करते हुए कई युवतियों को ठगी का शिकार बनाने वाला नाइजीरियन युवक पुलिस के हत्थे चढ़ गया। नवाबगंज थाने में लिखे गये मुकदमें की जांच काल डिटेल व अन्य रिकार्ड के आधार पर क्राइम ब्रांच ने अभियुक्त ओकुवारिमा मोसिस को गिरफ्तार किया। जो कि मूलरूप से नाइजीरिया का रहने वाला है और वर्तमान में महावीर नगर नई दिल्ली में रह रहा।



लखनऊ। कोरोना के खिलाफ महाअभियान में महापौर ने शहर में आठ वैक्सीनेशन सेन्टर का किया निरीक्षण

## दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अवध की आवाज

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक महोदय के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय उन्नाव व श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय बीघापुर के कुशप्रमें महिला संबन्धी अपराधों की रोकथाम एवं संबन्धित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बारासगवर पुलिस द्वारा दुष्कर्म में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। क्षेत्राधिकारी महोदय बीघापुर , उ0नि0 महेन्द्र पाल सिंह मय हमराह फोर्स द्वारा थाना बारासगवर पर पंजीकृत मु0 अ0 सं0 11021 धारा 376/506 भा0दं0वि0 व = पॉक्सो अधिनियम व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट में वांछित अभियुक्त महित यादव पुत्र राम औतार यादव नि0 पिपरासर थाना बारासगवर जनपद उन्नाव उम्र करीब 22 वर्ष को उसके घर ग्राम पिपरासर से गिरफ्तार किया गया।



## दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अवध की आवाज

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक महोदय के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय उन्नाव व श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय पुरवा के कुशल पर्यवेक्षण मेयहिला संबन्धी अपराधों की रोकथाम एवं संबन्धित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पुरवा पुलिस द्वारा दुष्कर्म में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।







# जिलाधिकारी उन्नाव की एक सराहनी पहल

## जिलाधिकारी द्वारा बच्चों को वितरण की गई उपयोग में लाई जाने वाली सामग्री

उन्नाव (सूचना विभाग)। प्रदेश में कोविड–19 के कारण प्रभावित ऐसे बच्चे, जिनके माताधपिता अथवा दोनों की कोविड–19 महामारी के संक्रमणध्प्रभाव से मृत्यु हो गयी है उनके बच्चो के भरण–पोषण शिक्षा, चिकित्सा आदि की व्यवस्था किये जाने हेतु ''उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना'' प्रारम्भ की गयी है। जनपद में योजनान्तर्गत चयनित बच्चों के पुर्नवासन एवं संरक्षण प्रदान करके उन बच्चो को समाज की मुख्य धारा से जोडनेध्लाने हेतु एवं ऐसे बच्चो के प्रोत्साहन हेतु बच्चो के परिवारो के घर जाकर बालकध्बालिकाओ को ''उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना'' के अन्तर्गत स्वीकृत प्रमाण पत्र एवं बच्चो के उपयोगार्थ सामग्री उपलब्ध कराई गई। इस अभियान में जिलाधिकारी महोदय श्री रवीन्द्र कुमार व जिला प्रोबेशन अधिकारी श्रीमती रेनू यादव द्वारा ग्राम दोस्ती नगर विकास खण्ड सि0सरोसी में जाकर प्रभावित परिवार एवं बच्चो से मिलकर बच्चो के उपयोगार्थ वस्त्र, स्कूली बैग, चाकलेट एवम् अन्य सामग्री प्रदान की गयी एवं प्रभावित परिवारो को प्रशासन की ओर से हर सम्भव मदद दिये जाने का आश्वासन दिया गया। इस हेतु जिलाधिकारी महोदय के आदेशानुसार आज जनपद के विभिन्न अधिकारियो यथा जिला विकास अधिकारी द्वारा सिविल लाइन्स उन्नाव, जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा आवास विकास कालोनी उन्नाव, जिला पंचायती राज अधिकारी द्वारा ग्राम बन्थर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा ग्राम जिन्दासपुर हसनगंज, डी0सी0एन0आर0एल0एम0 द्वारा बलवन्त खेड़ा उन्नाव, जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा ग्राम अकरमपुर, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी द्वारा काशीराम कालोनी उन्नाव, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी द्वारा गांधी नगर उन्नाव, जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा कृष्णा नगर उन्नाव, जिला कृषि अधिकारी द्वारा सिविल लाइन्स उन्नाव, उपायुक्त श्रम रोजगार द्वारा दरियाई खेड़ा उन्नाव, एवं जनपद के अन्य अधिकारीगणो द्वारा जनपद के विभिन्न क्षेत्रो में कोविड–19 प्रभावित बच्चो के घर जाकर उनके उपयोगार्थ सामग्री एवं प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये गये। प्रशासन के अधिकारियो द्वारा प्रभावित परिवारो को उनकी हर सम्भव सहायता दिलाये जाने का आश्वासन दिया गया।



अवध की आवाज हिन्दी दैनिक, प्रकाशक ,मुद्रक व स्वामी,अनिल कुमार सिंह द्वारा स्काई लाइन प्रिन्टर्स,119/23 खन्दारी लेन, लालबाग, लखनऊ उ0प्र0 से मुद्रित तथा डी–97/3 व 7,सेक्टर–7, इन्दिरा नगर,लखनऊ,उ0प्र0 से प्रकाशित। सम्पादक अनिल कुमार सिंह फोन : 0522–4340954 मो0–7905407289, Email: avadhkiaawaz@gmail.com
नोट : समाचार पत्र से सम्बंधित सारे विवादोंका न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।